दिन– रविवार | दिनांक– 09/03/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। | अवधिः– 05 मिनट

---

बीपीएससी की ओर से आयोजित तीसरे चरण की परीक्षा में चयनित इक्यावन हजार तीन सौ नवासी शिक्षकों के लिए आज पटना के गांधी मैदान में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना सहित आठ जिलों के दस हजार से अधिक शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। शेष तीस जिलों के शिक्षकों को नियुक्ति पत्र संबंधित जिले में ही वितरित किए गए। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने नव नियुक्त शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि एनडीए सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले, दूसरे और चरण को मिलाकर अब तक दो लाख अड़सठ हजार पांच सौ अड़तालीस शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि इससे छात्र–शिक्षक अनुपात में प्रभावी सुधार देखने को मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीपीएससी की ओर से आयोजित परीक्षा में चयनित बियालीस हजार एक सौ अठारह हेडमास्टर भी पास हुए है। उन्होंने कहा कि चयनित हेडमास्टर को अगले महीने नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। नियुक्ति पत्र वितरण समारोह मे उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर महिलाओं को सशक्त बनाने में कृत्रिम बुद्धिमता, ए.आई की भूमिका पर महिला और बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर द्वारा लिखा एक लेख साझा किया। श्री मोदी ने कहा कि ए.आई महिलाओं के लिए बेहद उपयोगी होने के साथ–साथ, अनेक अवसर भी प्रदान कर रहा है। अपने लेख में सुश्री ठाकुर ने बताया कि ए.आई अनगिनत संभावनाओँ के साथ ही महिलाओं को समाज में निर्णायक भूमिका निभाने में भी सक्षम बना रहा है।

———————————————————————

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि भारत सार्वजनिक स्वास्थ्य के नए युग में प्रवेश कर चुका है और सरकार सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज को बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। आज नई दिल्ली में उन्होंने कहा कि देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या दो हजार चौदह में तीन सौ अस्सी से बढ़कर दो हजार चौबीस में सात सौ सत्तासी हो गई है। श्रीमती पटेल ने कहा कि देश भर में एम्स की संख्या भी छह से बढ़कर बाईस हो गई है।

———————————————————————

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने मध्यप्रदेश के माधव राष्ट्रीय उद्यान को देश का अंठावनवां बाघ अभयारण्य बनाए जाने की घोषणा की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री यादव ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार वन्य जीवों की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है।

———————————————————————

राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज कहा कि जाति आधारित सर्वे के बाद एससी, एसटी और पिछड़ा वर्ग को पैंसठ प्रतिशत आरक्षण सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में देने का निर्णय किया गया था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार इसे लागू करने में विफल रही है।

———————————————————————

नगर विकास और आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने कहा कि राज्य के नौ प्रमंडलों में नौ विशेष तौर पर नियोजित शहर विकसित किए जायेंगे। उन्होंने कहा कि इनमें कचरा प्रबंधन और ड्रेनेज के लिए विशेष व्यवस्था होगी। श्री सिंह आज पटना मे कचरा प्रबंधन पर एक राष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में नगर निकायो के पास अपशिष्ट प्रसंस्करण को लेकर बड़े प्लांट नहीं हैं। उन्होंने नगर निकायों के क्षमतावर्धन पर जोर दिया।

———————————————————————————

आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में आज दुबई में भारत का सामना न्यूजीलैंड से हो रहा है। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर भारत को पहले बॉलिंग के लिए आमंत्रित किया है। ताजा समाचार मिलने तक न्यूजीलैंड ने छह ओवरों में बिना कोई विकेट खोए चालीस रन बना लिये हैं।

———————————————————————————

समाप्त